न्यायालय उपखण्ड अधिकारी भीण्डर, जिला – उदयपुर

पीठासीन अधिकारी : श्री रमेश सीरवी पुनाड़ियां R.A.S.

GCMS प्रकरण संख्या ..2022/28

प्रकरण संख्या 13/22

प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 136, 131 भू. राजस्व अधिनियम 1956

अनवान

श्री मनोज कुमार बनाम तहसीलदार भीण्डर

निर्णय

दिनांक : 2/9/22

1. प्रार्थी श्री मनोज कुमार पुत्र श्री नवरतन मल दक, सत्यनारायण पुत्र ऊंकारलाल अग्रवाल, सुनिल कुमार पुत्र बाबुलाल नागौरी, सुशील पुत्र मिठालाल जैन समस्त निवासियान भीण्डर तहसील भीण्डर, जिला – उदयपुर द्वारा प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 131 भू. राजस्व अधिनियम 1956 पेश कर निवेदन किया कि मौजा भीण्डर, पटवार हल्का – भीण्डर, भू.अ.नि. क्षेत्र – भीण्डर तहसील भीण्डर के आराजी संख्या 5074 रकबा 0.0600 हैक्टेयर, आराजी संख्या 5075, रकबा 0.0800 हैक्टेयर, आराजी संख्या 5076 रकबा 0.0100 हेक्टेयर एवं आराजी संख्या 8671/5076 रकबा 0.0130 हैक्टेयर, कुल किता 4 कुल रकबा 0.2800 हैक्टेयर भूमि दर्ज है जिसमें नये भूमि बन्दोबस्त में तरमीम पुराने नक्शें से अलग कर दी गई है जो कि गलत है पुराने नक्शे की तरमीम सही है जो कि मौके के अनुसार है जिसमें प्रार्थी गण ने निवेदन किया है कि उपरोक्त वर्णित आराजियात में पुराने नक्शें की तरमीम अनुसार नये नक्शें की तरमीम की जाये। उपरोक्त प्रकरण को दर्ज रजिस्ट्रर किया जाकर तहसीलदार भीण्डर को रिपोर्ट प्रस्तुत करने हेतु लिखा गया।
2. उपरोक्त प्रकरण में तहसीलदार भीण्डर द्वारा जवाब रिपोर्ट प्रस्तुत की गई जिसके अनुसार बताया गया कि ग्राम भीण्डर के साबिक आराजी संख्या 5516 रकबा 13 बिस्वा, आराजी संख्या 5516/2 रकबा 6 बिस्वा, आराजी संख्या 5515/1 रकबा 13 बीस्वा, आराजी संख्या 5515/2 रकबा 7 बिस्वा, आराजी संख्या 5513/3 रकबा 10 बिस्वा कुल किता 5 रकबा 1 बीघा 19 बिस्वा 10 बिस्वांशी बीघा दर्ज हैं। ग्राम भीण्डर के साबिक आराजी संख्या के वर्तमान आराजी संख्या 5073 रकबा 0.1400 हैक्टेयर, आराजी संख्या 5074 रकबा 0.0600 हैक्टेयर, आराजी संख्या 5075 रकबा 0.0800 हैक्टेयर, आराजी संख्या 5076 रकबा 0.0100 हैक्टेयर एवं आराजी संख्या 8671/5076 रकबा 0.1300 हैक्टेयर कुल किता 5 कुल रकबा 0.4200 हैक्टेयर दर्ज है। जिसका नक्शा ट्रेस परिशिष्ट B अनुसार ... कि साबिक आराजी नम्बर 5516/1, 5516/2, 5515/1, 5515/2 ... 3/... के नक्शे एवं मौके अनुसार

Signature Not Verified
Digitally signed by Ramesh Sirvi Punadia
Date: 2022.10.12 17:35:20 IST
Reason: SelfAttested

(मुहर: उपखण्ड अधिकारी भीण्डर, जिला–उदयपुर (राज.))

Scanned by CamScanner

जॉच में अशुद्ध पाया गया। साबिक आराजीयात एवं वर्तमान आराजीयात के क्षेत्रफल में कोई परिवर्तन नहीं है। अतः वर्तमान आराजी संख्या 5073, 5074, 5075, 5076 एवं 8671/5076 के परिशिष्ट C पर दर्शाये अनुसार नक्शे की तरमीम शुद्धि किये जाने की अनुशंषा की गई।

3. हमने पत्रावली का अध्ययन किया एवं प्रस्तुत दस्तावेजों का अवलोकन करने एवं प्रार्थी गण एवं तहसीलदार भीण्डर रिपोर्ट पर मनन किया गया जिसमें मौजा भीण्डर, पटवार हल्का – भीण्डर, भू.अ.नि. क्षेत्र – भीण्डर तहसील भीण्डर के आराजी संख्या 5074 रकबा 0.0600 हैक्टेयर, आराजी संख्या 5075, रकबा 0.0800 हैक्टेयर, आराजी संख्या 5076 रकबा 0.0100 हेक्टेयर एवं आराजी संख्या 8671/5076 रकबा 0.1300 हैक्टेयर, कुल किता 4 कुल रकबा 0.2800 हैक्टेयर भूमि प्रार्थीगण के नाम दर्ज है हमने भू. प्रबंधन के पूर्व के नक्शे व वर्तमान नक्शे का तुलनात्मक अध्ययन किया। पूर्व की आकृति में वर्तमान भू.प्रबधन के बाद के नक्शे की आकृति बदल दी गई। जबकि मौके की स्थिति में कोई परिवर्तन नही हुआ। वर्तमान की स्थिति का गुगलमेप फोटो भी भू. प्रबधंन के पूर्व के नक्शे के समान ही है अतः भू–प्रबधन विभाग द्वारा वर्तमान आराजी संख्या 5073, 5074, 5075 5076 एवं 8671/5076 के नक्शे में हुए परिवर्तन को ठिक किया जाना उचित प्रतीत होता है। अतः तहसीलदार भीण्डर द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट परिशिष्ट C में वर्णित खसरा बिन्दु संख्या ABCD अनुसार तरमीम शुद्धि किये जाने के आदेश पारित किये जाते है। तहसीलदार भीण्डर राजस्व रेकर्ड में तरमीम शुद्धि कर अमल दरामद करे। पत्रावली फैशल शुमार होकर नम्बर से कम हो।

(रमेश सीरवी पुनाड़िया RAS)
उपखण्ड अधिकारी
भीण्डर जिला–उदयपुर(राज.)

Signature Not Verified

Digitally signed by Ramesh Sirvi Punadia
Date: 2022.10.12 17:35:20 IST
Reason: SelfAttested

Scanned by CamScanner